तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025





**आवश्यकता है**

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

**काका होजियरी**

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


समस्या : फसल सुरक्षा के लिए किसान खेतों में बना रहे है बड़े-बड़े मचान, हाथियों का भी आतंक

# जंगली जानवरों ने 15 हजार हेक्टेयर मक्के की फसल तबाह की, किसान हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्रों में मक्के की फसल लेने वाले किसान इन दिनों जंगली जानवरों के आतंक से बेहद परेशान हैं। हजारों हेक्टेयर में लगी मक्का की तैयार फसल को जंगली हाथी, भालू, बंदर, जंगली सुअर, नीलगाय और बड़े चूहों द्वारा बुरी तरह से बर्बाद किया जा रहा है, जिससे किसानों की हालत खराब होती जा रही है। क्षेत्र के किसान रविन्द्र नेताम, मनराखन नेताम, बुधराम मरकाम और गुमान सिंह जैसे कई किसानों ने बताया कि मक्के के पौधों में फल आते ही वन्यप्राणी, खासकर भालू और जंगली सुअरों के झुंड, खेतों में घुसकर फसलों को जमकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में पिछले कुछ वर्षों में भालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

### भालुओं का हमला

शाम ढलते ही 6-7 की संख्या में भालुओं का दल सीधे फसलों पर धावा बोलकर मक्के के पक चुके फलों को तोड़कर फेंक रहा है। किसान रूपसिंह मरकाम और अर्जुन नायक ने बताया कि वे रात-रात भर जागकर मशाल जलाकर, बाजा बजाकर और पटाखे फोड़कर फसलों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। भालुओं के हमले से बचने के लिए किसानों ने 10 फीट से ऊंचे मचान बनाए हैं।




### जंगली सुअर और बंदरों से नुकसान

शोभा गौरगांव क्षेत्र के मोतीपानी, भाठापानी, तेन्दूछापर सहित कई गांवों में भालुओं के साथ-साथ ज्यादातर जंगली सुअरों के झुंड शाम 5 बजे के बाद खेतों में घुसकर फसलों को रौंद रहे हैं। बंदर भी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### आंधी-तूफान से उत्पादन प्रभावित

वन्यप्राणियों के अलावा, अचानक हुई मूसलाधार बारिश और आंधी-तूफान के कारण भी मक्के का उत्पादन प्रभावित हुआ है। कई जगह फसलें टूटकर जमीन पर गिर गई हैं, जिससे किसान बेहद चिंतित हैं। मक्के की फसल में इस बार बीमारी का प्रकोप भी देखने को मिला है।





### वन विभाग से शिकायत पर नहीं हुई ठोस पहल

किसानों ने कई बार वन विभाग के स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों से शिकायत की है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं होने से किसान परेशान हैं। मैनपुर से 35 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले गांवों में यह समस्या और भी गंभीर है। किसान वन विभाग से शीघ्र मुआवजे और वन्यजीवों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### मानव दबाव से वन्यप्राणी आबादी की ओर

यह चिंता का विषय है कि पिछले कुछ वर्षों से वन्यप्राणी बीहड़ जंगलों को छोड़कर शहरी आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार, जंगल क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण, अवैध कटाई और मानव दबाव के चलते वन्यप्राणी भटकने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले 4-5 वर्षों के रिकॉर्ड के अनुसार, क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक लोग भालुओं के हमले का शिकार हुए हैं। वन्यजीवों के शहरों की तरफ आने से उनकी सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहीदी शताब्दी पर निकाली शहादत यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर निकली शहादत यात्रा के अभनपुर नगर आगमन पर पूरा नगर हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर अमर रहें के नारों से गुंज उठा। अभनपुर सिख समाज ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के नगर प्रवेश पर पंज प्यारे का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया और नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। पटेल होंडा के संचालक ईश्वर पटेल ने विशेष रूप से भागवत गीता भेंट कर सिख समाज का सम्मान किया यह यात्रा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के तत्वावधान में प्रदेशभर में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान और उनके सार्वभौमिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अवसर पर सिख समाज के वरिष्ठ त्रिलोक सिंह सचदेवा, नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, अभनपुर सिख समाज प्रधान अनमोल गांधी, जगजीत गांधी, यश गांधी, शैबी दुआ, नरेंद्र सिंह दुआ, गुरमीत सचदेवा, सोनू सचदेवा, रौनक सिंह छाबड़ा, हिम्मत सिंह, अनमोल सचदेवा, गुलशन गुलाटी, कुलदीप सिंह, रोमी गांधी, ज्ञानी सतनाम सिंह, राजा भाटिया, मनोज चंदानी, गुरमीत भाटिया, श्रीमती जसवीर कौर, राजिंदर कौर, सतनाम कौर, निर्मल कौर छाबड़ा, कुलदीप कौर भाटिया, बबली गांधी, बलजीत गांधी, पार्षद गंगा कौर, हरजीत कौर सचदेव, रश्मि गांधी, बॉबी गुलाटी, अनिशा गांधी, सिमरन गांधी, पिंकी दुआ, हरजीत कौर गांधी, कंचन चंदानी, रानी गुलाटी, सुरिंदर कौर सचदेवा, अमरजीत कौर गांधी, बबली गुरूदत्ता, मीना गुरूदत्ता सहित बड़ी संख्या मे सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

■ सिख समाज ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया

## खबर संक्षेप



### जरण्डी स्कूल के बच्चों के साथ खेलता है मोर

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम जरण्डी के प्राथमिक शाला में बच्चों और राष्ट्रीय पक्षी मोर के बीच एक अनूठी और गहरी मित्रता देखने को मिल रही है। मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर, नदी उस पार घने जंगल और पहाड़ों से घिरे इस गांव की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रही है। जरण्डी के शासकीय प्राथमिक और मिडिल स्कूल में एक मोर पिछले कई वर्षों से लगातार आता रहा है। यह मोर किसी भी समय स्कूल में आ जाता है और बच्चों के साथ खेलता है। सबसे खास बात यह है कि यह मोर स्कूल की प्रार्थना के समय बच्चों के साथ सावधान मुद्रा में खड़ा नजर आता है। अगर किसी दिन मोर स्कूल नहीं आता, तो बच्चे भी उसे ढूंढते हुए दिखाई देते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि यह मोर बचपन से ही गांव में आता है और गांव वाले इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। यह मोर स्कूल में बच्चों के बीच रहता है और उनके साथ पूरी तरह घुल-मिल गया है, जिससे वन्यजीव और मानव के बीच सह-अस्तित्व का एक सुंदर उदाहरण पेश हो रहा है।

### एमएसएमई के लिए ई-मार्केटप्लेस व डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला 16 को

**गरियाबंद।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, गरियाबंद द्वारा ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमईएस के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत बुधवार 16 अक्टूबर 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे आयोजित होगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने उत्पादों ▶▶| शेष पेज 2 पर

## घूमने लगे कुम्हारों के चाक, दिवाली पर दीयों से घरों को करेंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



दीपावली के नजदीक आते ही क्षेत्र में कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। रसेला निवासी कृष्णा चक्रधारी, कुंजलाल चक्रधारी लगभग 20 सालों से लकड़ी चाक से मिट्टी के दीय बनाना शुरू किया गया है। दीपावली पर्व नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों सब कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है। मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा, दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं। कृष्णा चक्रधारी ने बताया कि एक नग दीया का कीमत 2 रूपए है, करसा जो गौरी गौरा में कलश निकाले जाते हैं उसका सेट 70 रूपए, कलौरी जो अन्नकूट के दिन काम आते हैं 50 रूपए सेट, ग्वालीन जो दीपावली के दिन दीप जलते हैं उसका 100 रूपए और मटका की कीमत 100 रुपए बेच रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से आधुनिकता के इस दिन में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने कुम्हारों के धधो पर चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।






एसपी राखेचा के नेतृत्व में जवानों ने दिखाया दमखम

## जिला पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल को ई-30 पैंथर ने जीता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पुलिस जवानों में खेल भावना और टीम स्पिरिट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित गरियाबंद पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता सोमवार को अपने चरम पर पहुंची। रोमांचक फाइनल मुकाबले में E-30 पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनपुर डिवीजन को हराकर विजेता का ताज अपने नाम किया।फाइनल मैच बेस्ट ऑफ 5 सेट के आधार पर खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। पहले दो सेट में E-30 पैंथर ने बढ़त बनाई, जबकि मैनपुर डिवीजन ने अगले दो सेट जीतकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। निर्णायक सेट में जबरदस्त संघर्ष के बाद E-30 पैंथर ने 15 अंकों के खेल में 2 अंकों से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया।

### प्रतियोगिता में शामिल हुईं 9 टीमें

इस प्रतियोगिता में पुलिस विभाग की कुल 9 टीमें वारियर, हंटर, तेजस, फाइटर, एसटीएफ, सीएफ, मैनपुर, नवागढ़ और ई-30 पैंथर शामिल थीं। हर टीम ने अपने खेल और अनुशासन से प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

**बारिश के कारण दो बार स्थगित हुआ था फाइनल-** फाइनल मुकाबला पहले बारिश की वजह से दो बार टल गया था, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में बेसब्री बढ़ गई थी। आखिरकार सोमवार को मुकाबला शुरू होते ही मैदान में जोश और रोमांच का माहौल छा गया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों का उत्साह खिलाड़ियों के जोश से कम नहीं था। कप्तान मनोज भगत की अगुवाई में ई-30 पैंथर की टीम ने शानदार तालमेल और सटीक रणनीति के दम पर जीत दर्ज की, जबकि रवि सिन्हा के नेतृत्व में मैनपुर डिवीजन ने भी दमदार खेल दिखाते हुए मुकाबले को अंत तक जीवित रखा। हर रैली पर तालियों की गड़गड़ाहट और नारों से पूरा मैदान गूंजता रहा।

**पुरस्कार वितरण समारोह में छाया उत्साह-** विजेता ई-30 पैंथर को 10,000 नगद पुरस्कार और सील्ड मैडल प्रदान ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### 20 अक्टूबर को श्री लक्ष्मी पूजा श्रेयस्कर : स्वामी सिद्धेश्वरानंद

**राजिम।** 20 अक्टूबर सोमवार को लक्ष्मी पूजन कारण और क्यों? अनंत श्रीविभूषित द्वीपीठाधीश्वर श्री जगतगुरू शंकराचार्य के शिष्य श्री सिद्धेश्वरानंद जी छत्तीसगढ़ पंचकोशी पीठाधीश्वर के कथानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुछ तथाकथित विद्वानो के द्वारा



आम जनमानस के मन में श्री लक्ष्मी जी की पूजा के संबंध में भ्रम उत्पन्न करके सनातन धर्म प्रेमियो को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण सनातन हिंदु सोच में पड़ गए है कि किसका बात माने और किसका बात न माने? जबकि सिंधु निर्णय के अनुसार एवं श्री शंकराचार्य के मतानुसार होली, हरेली, दीपावली, निशा पूजा होती है जिसमें रात्रिकालीन तिथि को माना जाता है और श्री एकादशी ,श्री रामनवमी ,श्री गणेश चतुर्थी ,षठपूजन दिन मान तिथि को माना जाता है। जिसमें श्री लक्ष्मी पूजा मुख्यतम तांत्रिक एवं मांत्रिक द्वारा सिंह लग्न में रात्रि बेला में पूजा किया जाता है। जब कभी दो अमावस्या हो तो दूसरे दिन की अमावस्या दान का माना जाता है। वर्तमान संवत में सोमवार को पूर्ण अमावस्या रात्रिकाल में है और मंगलवार को रात्रि अमावस्या नही है इसलिए परंपरागत अनुसार श्री लक्ष्मी पूजा सोमवार को माना जावे।

**कार्यक्रम : पीएम धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ**

# कृषि विज्ञान केंद्र में पीएम धन-धान्य कृषि योजना का सीधा प्रसारण, किसानों को दलहन उत्पादन के लिए प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम धन - धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद के द्वारा शनिवार 11 अक्टूबर को किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद के द्वारा कृषक संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, ग्राम पंचायत सढ़ौली की सरपंच लक्ष्मी ठाकुर उपस्थित थे। जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ मनीष चौरसिया, वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य, प्रवीण कुमार जामरे एवं ग्राम पंचायत साढ़ौली के पंच मोहिनी ध्रुव, देव कुमारी सोम, टेश्वरी कृसानु, ग्राम पटेल लीलाराम ठाकुर अन्य जनप्रतिनिधि व महिला समूह के सदस्यगण, कृषक उत्पादक समूह के सदस्यगण व जिले के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष पूजा अर्चना कर किया गया। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा नई दिल्ली में आयोजित पीएम धन्य धान कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का विधिवत रूप से सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में जनप्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील कृषकों के समक्ष वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया एवं सभी जनप्रतिनिधि गण एवं कृषको को माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री के उद्बोधन को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती लालिमा ठाकुर द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए उन्हें पीएम धन्य धान कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी व कृषकों को दलहन तिलहन उत्पादन एवं उसमें आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही कृषकों से आवाहन किया गया कि खेती से संबंधित समस्याओं के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से आवश्यक चर्चा एवं मार्गदर्शन जरूर प्राप्त करें और खेती में धान फसल के अलावा दलहन व तिलहन फसल को सम्मिलित करते हुए वैज्ञानिक पद्धति को अपनाए।





### कृषि यंत्र एवं मशीनों के बारे में विस्तृत रूप से दी जानकारी

इस अवसर पर केंद्र के संस्था प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया के द्वारा पीएम धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कार्यक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विस्तृत रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य के द्वारा विस्तृत रूप से रबी वर्ष हेतु दलहन एवं तिलहन की मुख्य फसलें जैसे सरसों, मूंगफली, चना, उड़द फसलों की बुवाई से लेकर कटाई तक की पूरी जानकारी दी गयी साथ ही प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयव बीज अमृत घनजीव अमृत जीवामृत ब्रह्मास्त्र अग्निअस्त्र निर्मास्त्र आदि के बारे में भी बताया गया और बीज उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कृषकों से दलहन व तिलहन बीज उत्पादन कार्यक्रम करने की सलाह दी गयी। केंद्र के वैज्ञानिक प्रवीन कुमार जामरे के द्वारा कृषि यंत्र एवं मशीनों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। केंद्र द्वारा आयोजित कृषक संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषकों के द्वारा अपने अनुभव को अन्य कृषको के समक्ष साझा किया गया और वैज्ञानिकों से फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के नियंत्रण के लिए परिचर्चा किया गया एवं इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गयी तकनीकी बुलेटिन का वितरण कृषकों को किया गया। अंत में कृषकों को प्रक्षेत्र में स्थापित फसल उत्पादन इकाई, उद्यान इकाई, पशुपालन इकाई प्राकृतिक खेती इकाई, जैविक ईकाई का भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का संचालन केंद्र के वैज्ञानिक प्रवीन कुमार जामरे के द्वारा एवं अतिथियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य के द्वारा किया गया।

# मनरेगा की डबरी से बदली किसान तिरन की तकदीर, बने आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) योजना के तहत डबरी (छोटा तालाब) निर्माण ने गरियाबंद जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत मुड़ागांव (गरियाबंद से 67 किमी दूर) के कई ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। इस कार्य से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है, बल्कि सिंचाई सुविधा बढ़ने से कृषि उत्पादन में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुड़ागांव के मनरेगा जॉब कार्ड धारी कृषक श्री तिरन-रूपधर पहले केवल बारिश के पानी पर निर्भर रहकर खेती करते थे। बेमौसम बारिश और पानी की कमी के कारण हर साल फसलें अफसल हो जाती थीं, जिससे उनका आत्मविश्वास टूट रहा था। ग्राम सभा के माध्यम से उन्हें मनरेगा के तहत व्यक्तिगत हितग्राही मूलक कार्य, विशेषकर डबरी निर्माण, की



जानकारी मिली। उन्हें बताया गया कि डबरी निर्माण से फसल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। इस जानकारी से उत्साहित होकर तिरन ने ग्राम सभा में डबरी निर्माण के लिए आवेदन जमा किया। पंचायत से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद कार्य प्रारंभ किया गया।

### मछली पालन से अतिरिक्त लाभ

हितग्राही अब डबरी में मछली पालन कर रहे हैं और आसपास के खेतों में सिंचाई कर बेहतर फसलें ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि डबरी निर्माण से आय के साधन में वृद्धि हुई है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। डबरी से सही तरीके से सिंचाई होने के कारण फसलों की उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता बढ़ी है। फसलें और मछलियां बेचकर उन्हें अच्छी आय हो रही है, जिससे दैनिक खर्चों की पूर्ति आसानी से हो रही है। तिरन ने बताया कि डबरी निर्माण से उनकी आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार आया है। वे शासन की इस जन-कल्याणकारी योजना से बेहद खुश हैं और अन्य ग्रामीणों को भी डबरी निर्माण के महत्व को बताकर इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मनरेगा के इस व्यक्तिगत हितग्राही मूलक कार्य ने मुड़ागांव के किसानों के लिए सिंचाई के संकट को दूर कर, आजीविका के साधनों में वृद्धि की है और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया है।

पेज 3 के शेष...

### एमएसएमई के लिए...

की बाजार पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ डिजिटल मार्केटिंग, नेटवर्किंग एवं लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यशाला विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्यमों तथा ऐसे कारीगरों एवं उत्पादकों के लिए उपयोगी रहेगी जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस निःशुल्क कार्यशाला में भाग लेकर अपने व्यवसाय को डिजिटल माध्यम से आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त करें।

### जिला पुलिस वॉलीबॉल...

किया गया। उपविजेता मैनपुर डिवीजन को 7,000 नगद व मैडल, जबकि तीसरे स्थान पर रही ई-30 फाइटर को 5,000 नगद पुरस्कार मैडल और सील्ड दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे आरआई सनत ठाकुर, थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव, कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने, पार्षद छगन यादव, विजय सिन्हा, ललित साहू, इमरान मेमन, प्रहलाद यादव और कार्तिक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी हौसला अफजाई की।

**एसपी निखिल राखेचा की पहल बनी प्रेरणा-** इस प्रतियोगिता की शुरुआत पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की पहल पर हुई थी। खेलों के प्रति उनकी रुचि और फिट पुलिस फोर्स की सोच ने पूरे जिले में नई ऊर्जा भर दी है। उन्होंने कहा, खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, एकता और टीम भावना को भी मजबूत करता है। हमारे जवानों में यही जज़्बा गरियाबंद पुलिस की असली ताकत है। आरआई सनंत ठाकुर ने कहा की जवानों का यह उत्साह वाकई प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजन हर जिले में होने चाहिए ताकि पुलिस बल ऊर्जावान और एकजुट बने।






## खबर संक्षेप



### पंचायत इंदागांव की मुख्य गली में कीचड़ और गंदगी से अटा

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इंदागांव के ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं। इस गांव के मुख्य गली के भीतर सीसी रोड़ नहीं होने के कारण बारिश में कीचड़ और गंदगी के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से यहां सीसी रोड़ निर्माण की मांग किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या की समाधान की ओर ध्यान नहीं देने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

### केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ते की मांग

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने राज्य के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के पहले केंद्रीय



कर्मचारियों के समान महंगाई देने की मांग राज्य सरकार से की है उन्होंने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को अभी 55% महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से 58% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जो कि केंद्र कर्मचारियों से 3 प्रतिशत कम है लिहाजा राज्य सरकार शीघ्र ही जुलाई 2025 से 3% महंगाई देने का आदेश शीघ्र जारी करें क्योंकि महंगाई की मार केंद्रीय कर्मचारियों एवं राज्य कर्मचारियों दोनों पर बराबर पड़ती है।

### साहू समाज की उपाध्यक्ष बनीं रामबाई



**छुईहा बेलर।** साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र के सामाजिक चुनाव में महिला उपाध्यक्ष पर दो प्रत्याशि के बीच मतदान बाद साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र के रामबाई साहू निर्वाचित हूई। वह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बारूला की पद का दायित्व में सेवा दे चुके हैं। इस मौके पर साहू समाज बारुला ग्रामीण अध्यक्ष धनी राम साहू, भोज राम साहू, संगीता साहू, ओमप्रकाश साहू, अशोक साहू, गौरी साहू, मुकेश, टुकेश, कमलेश साहू, झाड़ू राम साहू, बीसी साहू पूर्व अपर कलेक्टर, सुकदेव राम साहू सरपंच, सालिक राम साहू, नेमू चंदु तोरन, संदीप साहू, घनाराम साहू अधिवक्ता शिवचरण साहू, नोस राम साहू, केशो राम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, इंदरमन साहू, शेखर साहू, भुनेश्वर साहू, बलि राम साहू, दीपक साहू, वेनकुमार साहू, उमेश साहू,माखन एवं ग्रामीण साहू समाज पदाधिकारियों उपस्थित थे।

**भूमिपूजन :** कोपरा-पोखरा मार्ग के लिए विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

# सीएम साय के सुशासन में राजिम का हो रहा है विकास : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू सोमवार को दोपहर राजिम विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कोपरा-पोखरा मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण पुल-पुलिया का भूमिपूजन क्षेत्र के बड़े गांव कौंदकेरा में आयोजित एक गरिमामय समारोह के बीच किया। उन्होने पांच कुदाल चलाकर भूमिपूजन कर नींव रखा। इस दौरान गरियाबंद जिले के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि,जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य व ढेर सारे गांव के सरपंच,पंच,सोसायटी अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी। इस मार्ग के भूमिपूजन के समय स्थानीय सभी लोगो के चेहरे पर प्रसन्नता की झलक नजर आ रही थी क्योंकि कई हजारो की संख्या में गुजरने वाले यात्री और स्थानीय लोग सड़क के खस्ताहाल से काफी दुखी थे। जैसे ही ये खबर ग्रामीणो को मिला कि कोपरा-पोखरा मार्ग 26.20 किमी की स्वीकृति विधायक रोहित साहू ने कराया है वैसे ही ग्रामीणो के बीच एक तरह से जश्न का माहोल देखा गया। बता दें कि ये सड़क मार्ग 7014.41 लाख रूपए की लगात से बनेगा। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपने नेता नही बेटा को विधायक चुना है लिहाजा मेरा धर्म एवं फर्ज बनता है कि क्षेत्र की समस्याओं को तत्परता से हल करने के लिए पहल करूं। कहा कि पिछले 20 वर्षो से आप लोगो के बीच रहकर काम कर रहा हूं। गांव का रहने वाला हूं। गांव का व्यक्ति ही गांव की पीड़ा को समझ सकता है। रायपुर का रहने वाले इस पीड़ा को क्या जानेंगे। अभी वर्तमान स्थिति में इस 26 किमी की दूरी को तय करने में डेड़ घंटा का समय लगता है। सड़क के बन जाने से गाड़ियां सरपट दौड़ेगी। समय की बचत होगी। बताया कि इस सड़क निर्माण कार्य के लिए सीएम विष्णुदेय साय एवं डिप्टी सीएम लोकनिर्माण मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर निवेदन किया था। कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मभारत निर्भर अभियान चल रहा है। वोकल फार लोकल को क्षेत्र की जनता ने पसंद किया और अपना बेटा को विधायक बनाया। ये सारे काम तभी संभव हो सका है। विधायक श्री साहू ने तालियो की गड़गड़ाहट के बीच राजिम-छुरा मार्ग के लिए 187 करोड़ रूपए का स्वीकृति मिलने बताया। साथ ही घाट खाल्हे क्षेत्र के पेयजल, सिंचाई और अन्य मदो के लिए 200 करोड़ रूपए स्वीकृति दिलाया है।

**दो साल के कार्यकाल हुए हैं कई कार्य-** विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रदेश में पांच साल कांग्रेस की सरकार रही पर उन्होने कौड़ी का काम नही किया। पूरे पांच साल में राजिम विधानसभा क्षेत्र की सड़को में डामर तक नहीं बिछा सके और न ही सड़को का रिपेयरिंग कर सके। कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में इतना काम कराना है कि पांच साल भी कम पड़ जाएगा। एक साल विभिन्न चुनाव के चलते आचार संहिता में गुजर गया और दूसरा साल से काम शुरू हुआ है। जो धरातल पर अब दिखेगा। बताया कि जितना काम कांग्रेस ने पांच साल में कराया होगा उससे कई गुणा ज्यादा काम हमारे दो साल के इस कार्यकाल में हो चुका है। शिक्षा,स्वास्थ्य ,महाविद्यालयो की स्थापना से लेकर बहुत सारे काम हुए है। कांग्रेस के पाप को हमे भुगतना पड़ रहा है।

**हर वादे को सीएम साय पूरा कर रहे-** विधायक श्री साहू ने कहा कि आने वाले तीन वर्षो में राजिम क्षेत्र की तस्वीर कुछ अलग ही नजर आएगी। एक भी दिन घर में नही बैठुंगा। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास और तरक्की के लिए रात और दिन एक करूंगा। आने वाली पीढ़ी इसे याद करेगी। विधायक श्री साहू ने सीएम विष्णुदेस साय के सुशासन के ढेर सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया भी। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि राजिम को स्थानीय नेता चाहिए रायपुर का नहीं। ये अभियान तो मै पिछले 40 सालों से चलाते आ रहा हूं। भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि गांव, गरीबो, किसानों की चिंता करने वाले देश के प्रधानमंत्री जी के हर संकल्प, हर वादे को सीएम विष्णुदेव साय पूरा कर रहे है।







### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी यादव, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूपनारायण साहू, कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, कोपरा के वरिष्ठ भाजपा नेता अजय साहू, जेंजरा सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, कौंदकेरा सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साहू, जेंजरा के उपसरपंच प्रमोद साहू, हरख साहू, झंगुराम साहू, कार्यक्रम के संयोजक सोमप्रकाश साहू, मकसुदन साहू, कौंदकेरा के सरपंच राधिका यादव, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी ढीढी, नंदनी साहू, सरपंच जेंजरा बोधन यदु, सरपंच देवरी सरिता साहू, सरपंच बहरापाल राजेश साहू, सरपंच बोरसी अनुसुइया, सरपंच बासीन गंगाबाई ओगरे, सरपंच पोखरा सियाराम साहू सहित लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ मनीष साहू, इंजीनियर मनीष कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र के गोवर्धन बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के मार्गदर्शन में साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र का समाजिक चुनाव के अंतर्गत बाबा कुट्टी मांडव त्रट्षि आश्रम बिजली मड़वाडिही में शनिवार को चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में तहसील साहू संघ अध्यक्ष रामजी साहू तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी भारती साहू, पवन कुमार साहू, मनोहर साहू रहे। वहीं पर्यवेक्षक के रूप में विष्णु साहू, मनहरण साहू, झाड़ूराम साहू, संतु साहू, मीडिया प्रभारी जागेश्वर साहू एवं भोजराम साहू चुनाव सम्पन्न कराने में अहम्‌ भूमिका रही। निर्वाचन अधिकारी के चुनाव परिणाम में मतदान प्रक्रिया के उपरांत गोवर्धन साहू को बोरसी परिक्षेत्र का अध्यक्ष घोषित किया गया। उपाध्यक्ष टिकेश्वर साहू (परसठ्ठी), महिला उपाध्यक्ष रामबाई साहू (बारुला), महिला संगठन सचिव देवेंद्री साहू (चैतरा), पुरुष संगठन सचिव डिगेश साहू (खुडियाडीह) कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ जनों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर शपथ दिलाई गई। निर्वाचन के इस मौके पर रामाधार साहू सेंदर ओमकार साहू, सुनीति साहू, श्रीराम साहू, दयाराम साहू, मोहन साहू, बिसाहू साहू, कमलेश साहू, चिंता राम साहू, रुप कुमार साहू, रामू साहू, तेजराम साहू, सियाराम साहू, दूरिका साहू, ईश्वर साहू, सुखदेव साहू, नारायण साहू, ओमप्रकाश साहू, टिकेश साहू, मोती राम सहित समस्त बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज के सदस्यगणों का सक्रिय सहयोग रहा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने मनाया मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने जन्मदिन पर भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव, राजिम माता के दर्शन पूजा अर्चना कर बड़ों का आशीर्वाद लिया। स्थानीय साहू छात्रावास में मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू का जन्मदिन शानदार मनाया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिस पर दर्जन भर से भी अधिक लोगों ने रक्तदान किया गया। इन दानदाताओं को तुरंत प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट प्रदान किया जा रहा था। श्री साहू के जन्मदिन के मौके पर प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार, पत्रकार तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों का गमछा और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। उन्हें दोपहर 12 से लेकर शाम 6 बजे तक बधाई देने का क्रम निरंतर चलता रहा। वे सामुदायिक अस्पताल में मरीजो को फल वितरण कर मिठाई खिलाया। उनके साथ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, मोहनीश ठाकुर, संजय सोनकर, आकाश राजपूत, यश कहार, राजेश परमार, आशीष पांडे, जितेंद्र पेंदरिया, मुकेश साहू, लेखराम ध्रुव, बादल साहू, चमन पटेल उपस्थित रहे। वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर उन्हें बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डा रामकुमार साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, जिला साहू संघ अध्यक्ष नारायण साहू, नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, नप उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, छाया राही, सोमप्रकाश साहू, लाला साहू, नगर पंचायत के सभापति भारत यादव, आकाश सिंह राजपूत, रामूराम साहू,बोधन साहू, खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी मंडल ध्रुव, मंडल उपाध्यक्ष भरत सिंह, नारायण साहू, शकुन साहू, महामंत्री रेणुका साहू, धनबाई साहू, मंत्री मीणा ध्रुव, लोकेश सोनी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, युवराज साहू, दुर्गेश धीवर,पार्षद सुरेश पटेल, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, पूरन यादव, शरद पारकर, मनीष हरित, राजू साहू, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा में तिजेश्वरी व देवेन्द्र अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



मेरा युवा भारत कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित ब्लाक स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस शेष खेलों की प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम छुरा में प्रात 6:30 बजे से आयोजित की गई। जिसमें बालिका वर्ग में लम्बी कूद रस्साकसी और 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ लम्बी कूद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथिगण भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत, शिवठाकुर मास्टर एथलीट, मयाराम साहू शिक्षक की उपस्थिति में हुआ। सभी अतिथियों एवं निर्णायक का स्वागत गुलाल एवं बेच लगाकर किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम तेजेश्वरी, देवसरा द्वितीय, डिगेश्वरी छुरा गजेन्द्री छुरा तृतीय रही लम्बी कूद में प्रथम तिजेश्वरी द्वितीय चमेली तृतीय सोनिया रही। रस्साकसी में प्रथम तनु ठाकुर ग्रुप द्वितीय पूनम ध्रुव ग्रुप रहे। बालक वर्ग दौड़ प्रथम देवेन्द्र दीवान हरदी, द्वितीय राकेश यादव सिवनी, तृतीय गजराज पथर्री रहे। लम्बी कूद में प्रथम देवेन्द्र दीवान, द्वितीय राकेश यादव सिवनी, तृतीय करण साहू हरदी देवरी रहे ब्लाक स्तरीय खेल का आयोजन नरेन्द्र साहू जिला नोडल एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव के मार्गदर्शन में हुआ सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र मेडल एवं ट्राफी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण में दुर्गा दीक्षित डिप्टी रेंजर जब्बार मोहम्मद वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी के करकमलों से प्रदान किया गया। निर्णायक के रुप में डोमेश्वर ध्रुव, पीटीआई हीरालाल साहू, शिक्षक विनोद कुमार यादव, प्रोफेसर महाविद्यालय डिगेन्द्र ध्रुव, अतिथि प्रोफेसर महाविद्यालय ने दायित्व निर्वहन किया।

# तरुण वर्ग बैडमिंटन एवं किशोर वर्ग खो खो बालक में शिशु मंदिर अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत छुरा में खेलकूद का आयोजन शासन की ओर से रखा गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के बच्चों ने वह भाग लिया। जिसमें फानेश्वर साहू (कक्षा बारहवीं) तरुण वर्ग बैडमिंटन में प्रथम स्थान, पुष्पराज देवांगन 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान, खो खो बालक किशोर वर्ग में कुणाल कुर्रे, अमनदीप साहू, चंदन माधवानी, मानसु साहू, दीनू निषाद, सुभाष यादव, पुष्पराज देवांगन, हर्षित ध्रुव, तुषार वर्मा, पूर्णेंद्र ध्रुव ने पहला स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया एवं उनका चयन जिला स्तर में गरियाबंद के लिए हुआ है। संरक्षक के रूप में विद्यालय के आचार्य राहुल कुमार सिन्हा पूरे समय तक मैदान में उपस्थित थे। बच्चों के इस उपलब्धि पर बच्चों के माता पिता के साथ -साथ स्थानीय विद्यालय समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव, अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्राचार्य संतोष वर्मा एवं समस्त स्टॉफ ने बच्चों को बधाई दी है।

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन हुआ**

# भाजपा केवल सत्ता नहीं, सेवा और संगठन की पार्टी है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधानसभा राजिम के ग्राम कौंदकेरा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सभा में मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमे गांव-गांव जाकर संदेश देना होगा कि स्वदेशी की ओर बढ़ें और अपने रोजमर्रा के उपयोग में देश में बने उत्पादों का इस्तेमाल करें। जब लोग देश में बने सामान को प्राथमिकता देंगे, तभी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना वास्तविकता बनेगी। यह अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वरोजगार और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है।

**गांव-गांव में विकास की गति तेजी से बढ़ रही-** विधायक रोहित साहू ने कहा कि गांव-गांव में विकास की गति तेजी से बढ़ रही है। सड़क, बिजली, टिन शेड और अन्य निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। विशेष रूप से कोपरा से पोखरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 26 किलोमीटर लंबाई में, 77 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसका आज भूमिपूजन भी सम्पन्न हुआ। यह सभी कार्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार और स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाने की दिशा में भी सक्रिय किया जा रहा है। कार्यकताअरं से अपील की कि वे ग्राम स्तर पर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करें।



### आत्मनिर्भर भारत अभियान राष्ट्र के पुनर्निर्माण का अभियान

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को ग्राम-ग्राम तक पहुंचाएं और लोगों को जागरूक करें। इसके माध्यम से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, बल्कि युवाओं में आत्मनिर्भर बनने की भावना और गांवों में विकास की गति भी तेज होगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता नहीं, सेवा और संगठन की पार्टी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान राष्ट्र के पुनर्निर्माण का अभियान है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे गांव-गांव में स्वदेशी अपनाने का संदेश पहुँचाएँ, क्योंकि आत्मनिर्भर भारत का सपना संगठन की मजबूती से ही साकार होगा।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू एवं सोमप्रकाश साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटके ने किया।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, लेखराज ध्रुवा, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखी यादव कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजू नायक, जगदीश यदु, रामूराम साहू, मंडल अध्यक्ष राजिम रिकेश साहू, कोपरा गोपीराम ध्रुव, खड़मा हेमंत सिन्हा, मंडल महामंत्री हेमन वर्मा, धान बाई साहू, पालेंद्र साहू, प्रेम टोडर, दयाराम यदु, धनीराम साहू, दिलीप साहू, संतराम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, हीरामणि साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टोकेश्वरी मांझी, सरपंच राधिका यादव, मकसूदन साहू, बाबूलाल साहू उपस्थित रहे।

